# Population of N.A.

यूरोपवासियों के N.A. में आने से पहले यहाँ बड़ी संख्या में आदिवासी निवास करते थे। कोलम्बस ने इन्हें 'रेड इण्डियन' नाम दिया। वास्तव में इन रेड इण्डियन या एस्किमो की उत्पत्ति भी अमेरिका में नहीं हुई बल्कि ये एशिया महाद्वीप से बेरिंग जलसंधि होते हुए N.A आये और महाद्वीप के अलग-अलग भागों में बस गये।

यूरोपीय उपनिवेशकों का प्रसार →

N.A में सबसे पहले आने वाले श्वेत उपनिवेशक स्पेनिश थे। उसके बाद अंग्रेज फिर फ्रांसीसी आए। जैसे-जैसे यूरोपीय आते गए ~~यूरोपी~~ अटलांटिक तट के सहारे बसते गए एवं पहले से वहाँ बसे रेड इण्डियन को प० की ओर धकेलते गए। अन्य यूरोपीय में डच, स्वीडीस एवं जर्मन प्रमुख थे। जनसंख्या जैसे-जैसे बढ़ती गयी सीमान्त प० की ओर खिसकता गया। प्रशान्त तट पर सोने की खोज के बाद एवं कैनेडियन पैसेफिक रेलमार्ग के निर्माण के बाद प० में जनसंख्या तेजी से बढ़ने लगा।

## जनसंख्या वितरण एवं घनत्व

एशिया एवं यूरोप की तुलना में N.A. की जनसंख्या कम है। विश्व के लगभग 19% भू भाग को घेरने वाले N.A में विश्व की मात्र 8% जनसंख्या निवास करती है। यहाँ जनसंख्या के घनत्व में काफी प्रादेशिक भिन्नता देखने को मिलती है। U.S.A के अटलांटिक तटीय क्षेत्र सघन हैं तो उत्तरी कनाडा निर्जन। N.A. की 80% जनसंख्या U.S.A एवं मैक्सिको में निवास करती है।

जनसंख्या घनत्व की दृष्टि से N.A. को 3 वर्गों में बाँटा जा सकता है:-

PAGE NO.:
DATE: / /

1. उच्च घनत्व वाले क्षेत्र →
इसके अन्तर्गत 100 व्यक्ति प्रति वर्ग km. या इससे अधिक जनसंख्या वाले देश आते हैं। अल साल्वेडोर, ग्वाटेमाला, डोमिनिकन गणतंत्र, जमैका, व हैती में उच्च जनसंख्या घनत्व पाया जाता है। यहाँ उच्च जन० घनत्व का प्रमुख कारण सीमित समतल भूमि व उच्च जन्म-दर है। सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व अल सल्वेडोर में 275 व्यक्ति प्रति वर्ग Km. है।

2. मध्यम घनत्व वाले क्षेत्र →
इसके अन्तर्गत 50-99 व्यक्ति/$Km^2$ जनसंख्या घनत्व वाले देश आते हैं। क्यूबा, होंडुरास व कोस्टारिका इसके अन्तर्गत आते हैं।

3. निम्न घनत्व वाले क्षेत्र →
N.A. के अधिकांश भूभाग पर जनसंख्या विरल है। 50 व्यक्ति प्रति वर्ग Km. से कम जन घनत्व वाले देश इसके अन्तर्गत आते हैं। U.S.A, कनाडा, मैक्सिको, निकारागुआ व पनामा में निम्न घनत्व पाया जाता है। सबसे कम घनत्व कनाडा में औसत 3 व्यक्ति प्रति Km है। पूरे महाद्वीप का 95% से अधिक भूभाग निम्न घनत्व वाले हैं।

N.A. के जनसंख्या का प्रादेशिक वितरण व घनत्व निम्न प्रकार से है!—

संयुक्त राज्य अमेरिका →
U.S.A में लगभग 28.14 करोड़ व्यक्ति निवास करते हैं जो इसके विशाल भूभाग की तुलना में काफी कम है। यहां औसत जनसंख्या घनत्व 30.7 व्यक्ति प्रति वर्ग Km. है। U.S.A में जनसंख्या का वितरण काफी असमान है। यहाँ उत्तर-पूर्वी तट

Scanned with CamScanner

पर बसे कोलम्बिया में 3,817 व्यक्ति प्रति वर्ग km. में निवास करते हैं तो दूसरी ओर अलास्का में जो उ.प. में है 1 व्यक्ति प्रति वर्ग km. भी नहीं है। U.S.A में 100° प. देशान्तर रेखा के प. में जन० घनत्व 10 व्यक्ति प्रति वर्ग km से भी कम है सिवाय प्रशान्त तटीय भागों को छोड़कर। यहाँ ऊबड़ खाबड़ धरातल एवं शुष्क जलवायु के कारण जन घनत्व कम है। U.S.A में जन घनत्व पूर्व से प० की ओर घटता जाता है। देश का उ. पूर्वी भाग उद्योगों के कारण सघन बसा है जहाँ अनेक महानगर स्थित हैं यहाँ औसत जनसंख्या घनत्व 200 व्यक्ति प्रति वर्ग km. है।

कनाडा →

कनाडा की जनसंख्या 3.00 करोड़ है घनत्व 3 व्यक्ति प्रति वर्ग km. यह N.A का न्यूनतम जन घनत्व वाला देश है। विशाल आकार, कठोर जलवायु दशाएँ, धरातलीय बाधाएँ इत्यादि भौगोलिक कारक इसके लिए उत्तरदायी हैं। कनाडा की संपूर्ण जनसंख्या दक्षिणी भाग में निवास करती है और उत्तरी भाग टैगा व टुन्ड्रा प्रदेश लगभग निर्जन है। कनाडा की जनसंख्या वाला देश वास्तव में U.S.A की जनपुंज का उत्तरी विस्तार है। यूकान व प० टेरीटोरी में जन घनत्व 1 व्यक्ति प्रति वर्ग km. से भी कम है। यहाँ देश की आधी से अधिक जनसंख्या (1) अटलांटिक तटीय राज्य (2) महान झील व सेंट लारेन्स निम्न भूमि (3) प्रेयरी तथा प्रशान्त तटीय क्षेत्र (4) द० क्यूबेक व द० ओन्टेरियो प्रान्त में निवास करती है। सेन्ट लॉरेन्स निम्न भूमि तथा झील प्रायद्वीप सबसे अधिक घने बसे हैं। ~~जहाँ औसत जन० घनत्व~~ ओन्टेरियो झील का उत्तरी भाग सबसे घना है जहाँ औसत घनत्व 200 व्यक्ति प्रति वर्ग km. है।

Scanned with CamScanner

PAGE NO.:
DATE: / /

मैक्सिको →

मैक्सिको की जनसंख्या 9.73 करोड़ है व जनसंख्या घनत्व 49.5 व्यक्ति प्रति वर्ग Km. है। यहाँ जनसंख्या वितरण में सबसे अधिक असमानता देखने को मिलती है। यहाँ 40% जनसंख्या केन्द्रीय प्रदेश के 8 राज्यों — फेडरल डिस्ट्रिक्ट, ट्लैक्साला, मैक्सिको मोरेलिया, प्यूबला, ग्वानाजुआटो, हिडाल्गो व क्वेरेटरो में केन्द्रित है। जिनका क्षेत्रफल देश का मात्र 6.6% है। सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व 5,720 व्यक्ति प्रति वर्ग Km. फेडरल डिस्ट्रिक्ट में है। मैक्सिको सिटी इसी राज्य में है। मरुस्थलीय भूभाग वाला सोनारो प्रान्त का जनसंख्या घनत्व मात्र 11 व्यक्ति प्रति वर्ग Km. है।

इस तरह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि N.A. का जनसंख्या वितरण और घनत्व असमान है जिसके लिए यहाँ की धरातलीय बनावट, कठोर जलवायविक दशाएँ इत्यादि उत्तरदायी हैं।

population map.

x ——— x

Scanned with CamScanner